# मेरे कान्हा का जन्मदिन आया कि खुशियां मनाएंगे लिरिक्स

मेरे कान्हा का जन्मदिन आया,
कि खुशियां मनाएंगे,
झूमेंगे सब नाचेंगे,
और मिलके सभी हम आज़,
धमाल मचाएंगे।bd।

तर्ज – मेरी लगी श्याम संग।

---

बृज मण्डल में धूम मची है,
रंगोली हर घर में सजी है,
फूलों की लगा के माल,
खुशबू बिखराएंगे,
मेरे कान्हा का जनमदिन आया,
कि खुशियां मनाएंगे।bd।

---

मोर मुकुट की शान है न्यारी,
पंख लगे जिसमें सुखकारी,
लटके लट बड़ी कमाल,
जब यह लहराएंगे,
मेरे कान्हा का जनमदिन आया,
कि खुशियां मनाएंगे।bd।

---

मोहन की मोहनी सुरतिया,
मंद सी मुस्कन तोतरी बतियां,
‘श्याम’ सुन सुन होए निहाल,
बली बली जाएंगे,
मेरे कान्हा का जनमदिन आया,
कि खुशियां मनाएंगे।bd।

---

मेरे कान्हा का जन्मदिन आया,
कि खुशियां मनाएंगे,
झूमेंगे सब नाचेंगे,
और मिलके सभी हम आज़,
धमाल मचाएंगे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com